**भाकृअनुप-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र**
डाक पेटी क्र.3, मांजरी फार्म पोस्ट आफिस, सोलापूर रोड, पुणे - **412 307**
**ICAR - NATIONAL RESEARCH CENTRE FOR GRAPES**
**P.B. NO. 3, MANJRI FARM POST, SOLAPUR ROAD, PUNE - 412 307**

---

**दिनांक 16** मई 2024 **को आयोजित राजभाषा कार्यान्वन समिति की बैठक का कार्यवृत्त**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता मे दिनांक 16 मई 2024 को पूर्वाहन्न 11.30 बजे निदेशक महोदय के कक्ष मे हिंदी कार्यान्वन समिति की बैठक प्रारम्भ हुई। इस बैठक में उपस्थिति निम्न प्रकार से थी।

1. डॉ. कौशिक बॅनर्जी, निदेशक, अध्यक्ष
2. डॉ. अजय कुमार शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, सदस्य
3. डॉ. रोशनी समर्थ, वरिष्ठ वैज्ञानिक, सदस्या
4. डॉ. प्रशांत निकुंभे, वैज्ञानिक, सदस्य
5. श्री. विट्ठल द. गायकवाड, सहायक, सदस्य
6. श्री. पी. सी. नोबल, प्रशासनिक अधिकारी एवं सदस्य सचिव

निदेशक महोदय ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए केंद्र में किए जा रहे हिंदी कार्य की समीक्षा की। इस बैठक में निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा की गई तथा निर्णय लिये गये।

1. राजभाषा कार्यान्वन समिति की दिनांक 1 फरवरी 2024 को आयोजित पिछली तिमाही बैठक के कार्यवृत की पृष्टि की गयी।
2. परिषद से प्राप्त पत्रों पर चर्चा की गयी।
3. प्रशासनिक कर्मचारियों के हिंदी कार्य की समीक्षा के लिए त्रैमासिक बैठक का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। (कार्रवाही: प्रशासनिक अधिकारी/ बालासाहेब फलके)
4. कोरा सॉफ्टवेअर के कॉपीराइट को प्राप्त करने हेतु जल्द से जल्द कार्रवाही करने का निर्देश दिया गया। (कार्रवाही: डॉ. दी. सि. यादव/ डॉ. अजय कुमार शर्मा)
5. संस्थान से जारी होने वाले प्रमाणपत्र द्विभाषी रूप मे करने हेतु उचित कार्रवाही का निर्णय लिया गया। (कार्रवाही: प्रशासनिक अधिकारी /डॉ. अजय कुमार शर्मा)
6. जून महीने के प्रथम सप्ताह में हिंदी कार्यशाला के आयोजीत करने का निर्णय लिया गया।

(कार्रवाही: श्री. वी.डी.गायकवाड़/ श्री. बालासाहेब फलके)

## दिनांक 24 जुलाई 2024 को आयोजित प्रशासनिक मामले की त्रैमासिक बैठक का कार्यवृत्त

बैठक 24 जुलाई 2024 को अपराह्न 3.30 बजे प्रशासनिक अधिकारी श्री पी.सी. नोबल की अध्यक्षता में शुरू हुई। बैठक में प्रशासन और लेखा अनुभाग के निम्नलिखित कर्मचारी उपस्थित थे।

1) श्री.पी.सी. नोबल, प्रशासनिक अधिकारी

2) श्री. बालासाहेब फलके, तकनीकी अधिकारी

3) श्री. प्रसाद कलभोर, सहायक

4) श्री. विट्ठल डी. गायकवाड़, सहायक

5) श्री. शिवाजी गोपाले, कनिष्ठ लिपिक

6) श्री. अमोल फुलसुंदर, कनिष्ठ लिपिक

7) सुश्री. वनिता भुरगुंडे, वाईपी-II

8) सुश्री. प्रणाली जांभले, कार्यालय सहायक

9) श्रीमती प्राजक्ता कांबले, अनुबंध कर्मचारी पुस्तकालय परिचर

प्रशासनिक अधिकारी ने बैठक में सभी का स्वागत किया। इस बैठक में निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा की गई तथा इसे अगली बैठक से पहले क्रियान्वित करने का निर्णय लिया गया।

1. प्रशासनिक हिंदी कार्य से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। नव विकसित "कोरा" सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में पिछली बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।

2. सभी कर्मचारियों को यथासंभव हिंदी में प्रशासनिक कार्य करने के निर्देश दिए गए।

(कार्रवाई: प्रशासनिक/वित्त के सभी कर्मचारी)

3. पत्राचार की निगरानी से संबंधित "कोरा सॉफ्टवेयर" की समस्या पर चर्चा की गई। पत्राचार का विवरण समय पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। (कार्रवाई: प्रशासनिक/वित्त के सभी कर्मचारी)

4. पत्राचार को बेहतर बनाने के लिए उपलब्ध विभिन्न सॉफ्टवेयर का उपयोग करने का निर्णय लिया गया। (कार्रवाई: प्रशासनिक/वित्त के सभी कर्मचारी)

5 .क्रय अनुभाग तथा पुस्तकालय को "कोरा" सॉफ्टवेयर में प्रशासनिक हिंदी कार्य दर्ज करने के निर्देश दिए गए। (कार्रवाई: श्री पी. पी. कालभोर, सहायक/ प्रभारी पुस्तकालय)

**दिनांक 6 अगस्त 2024 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वन समिति की बैठक का कार्यवृत्त**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता मे दिनांक 6 अगस्त 2024 को पूर्वाहन्न 11.35 बजे निदेशक महोदय के  कक्ष मे हिंदी कार्यान्वन समिति की बैठक प्रारम्भ हुई। निम्नलिखित अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

1. डॉ. कौशिक बॅनर्जी, निदेशक, अध्यक्ष
2. डॉ. अजय कुमार शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, सदस्य
3. डॉ. रोशनी समर्थ, वरिष्ठ वैज्ञानिक, सदस्या
4. श्री. बालासाहेब फलके, तकनीकी अधिकारी, सदस्य
5. श्री. विट्ठल द. गायकवाड, सहायक, सदस्य
6. श्री. ऊ. ना बोरसे, प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी एवं सदस्य सचिव

निदेशक महोदय ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए केंद्र में किए जा रहे हिंदी कार्य की समीक्षा की। इस बैठक में निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा की गई तथा निर्णय लिये गये।

1. राजभाषा कार्यान्वन समिति की दिनांक 16 मई 2024 को आयोजित पिछली तिमाही बैठक के कार्यवृत की पृष्टि की गयी।
2. परिषद से प्राप्त पत्रों पर चर्चा की गयी।
3. हिंदी दिवस के  अवसर पर हिंदी पखवाड़ा के आयोजन के प्रस्ताव को स्वीकार किया गया। इस आयोजन हेतु  रूपरेखा तैयार करने तथा मुख्य अतिथि  के नाम को अंतिम रुप दिया गया। (कार्रवाही: रोशनी समर्थ एवं अजय कुमार शर्मा/ प्रशासनिक अधिकारी)
4. कोरा सॉफ्टवेअर पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। (कार्रवाही: प्रशासनिक अधिकारी /डॉ. अजय कुमार शर्मा)
5. राजभाषा विभाग की ‘ई सरल हिंदी वाक्यकोश” पर कार्यशाला का आयोजन करने का सुझाव दीया गया। (कार्रवाही: प्रशासनिक अधिकारी / बालासाहेब फलके / श्री. वी.डी.गायकवाड़)

## हिंदी कार्यशाला का कार्यवृत्त/ MINUTES OF HINDI WORKSHOP

भाकृअनुप -राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे में दिनांक 25 जून 2024 को "राजभाषा संपर्क तथा अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी भाषा का महत्व" विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. स्वाती चढ़ढ़ा, हिंदी अधिकारी, राष्ट्रीय रसायनिक प्रयोगशाला (**NCL**), पुणे कार्यशाला के वक्ता थे।

उन्होंने इस विषय पर बहुत ही महत्वपूर्ण और उपयोगी ज्ञान साझा किया। यह कार्यशाला भाकृअनुप -राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य स्टाफ के लिए बहुत उपयोगी एवं लाभकारी रही।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

## हिंदी कार्यशाला का कार्यवृत्त/ **MINUTES OF HINDI WORKSHOP**

भाकृअनुप -राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे में दिनांक 30 सितंबर 2024 को "भारत में हिंदी भाषा के शब्द तथा संस्कृति" विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री. संजय भारद्वाज, जाने माने हिंदी केखक, पुणे कार्यशाला में वक्ता थे।

उन्होंने इस हिंदी भाषा में शब्दों का सांस्कृतिक महत्व पर बहुत ही महत्वपूर्ण और उपयोगी ज्ञान साझा किया। यह कार्यशाला भाकृअनुप-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य स्टाफ के लिए बहुत उपयोगी एवं लाभकारी रही। इस कार्यशाला में 45 व्यक्ति लाभांन्वयित हुए जिसमे 24 महिलायें थी।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

## दिनांक 13 से 26 सितंबर 2024 को आयोजित हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का कार्यवृत्

भाकृअनुप - राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे में दिनांक 13 से 26 सितंबर 2024 के दौरान हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। दिनांक 13 सितंबर 2024 को निदेशक महोदय की अध्यक्षता में अप्राहन्न 4.00 बजे सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को अपना अधिक से अधिक कार्यालयीन कामकाज हिंदी में करने की शपथ दिलवाकर हिंदी पखवाड़ा प्रारंभ किया गया। निदेशक महोदय ने पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में सहभागिता करने हेतु अधिकारियों तथा कर्मचारियों से आग्रह किया।

दिनांक 30 सितंबर 2024 को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर हिंदी केजाने माने लेखक श्री. संजय भारद्वाज जी मुख्य अतिथि थे।

श्री.विट्ठल गायकवाड़, सहायक द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान कार्यालय द्वारा राजभाषा में किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। डॉ.रोशनी समर्थ, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा हिंदी पखवाड़ा में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे आशुभाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रश्न मंच प्रतियोगिता, वाद- विवाद प्रतियोगिता, हिंदी काव्य पाठ, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, कंप्यूटर पर यूनिकोड में हिंदी टायपिंग इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। । पखवाड़ा में आयोजित प्रतियोगिताओं में केंद्र के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने हर्ष उल्हास के साथ सहभागिता की। हिंदी पखवाड़ा में आयोजित प्रतियोगिताओं के द्वारा होने वाले सकारात्मक बदलाव, पर्याप्त मात्रा में प्रतिभागियों की उपस्थिति और राजभाषा में किए जा रहे कार्य में वृद्धि से निदेशक महोदय ने प्रशासनिक और वित्त अनुभाग के अधिकारी/कर्मचारियों की प्रशंसा की।

मुख्य अतिथि श्री.संजय भारद्वाज जी ने अपने संबोधन में इस संस्थान द्वारा राजभाषा में किए जा रहे कार्यालयीन कार्य की प्रगति की प्रशंसा की तथा संतोष व्यक्त किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों और पर्यवेक्षकों की सराहना की गई। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि पुणे में स्थित कार्यालयों में से यह कार्यालय राजभाषा के क्षेत्र में बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है। हिंदी भाषा सभ्यता को संस्कारित करने वाली वीणा एवं संस्कृति को शब्द देनेवाली वाणी है। एक दशक से भारत सरकार हिंदी और भारतीय भाषायों को शासन, प्रशासन और शिक्षा मे समुचित स्थान दे रही है, यह प्रसन्नता की बात है। आनेवाला समय भारतीय भाषायों का है। उन्होने सलाह दी कि प्रत्येक कर्मचारी हिंदी में काम करने की अपनी जिम्मेवारी समझे।

समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषक वितरण किये गये। इसके साथ ही हिंदी में अधिक कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी पुरस्कार दिए गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ.रोशनी समर्थ द्वारा किया गया। डॉ.अजय कुमार शर्मा द्वारा विजेताओं को शुभ कामनायें दीं तथा धन्यवाद ज्ञापन दिया। सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए समापन समारोह कार्यक्रम अप्राहन्न 5.10 बजे समाप्त हुआ।


हिंदी पखवाड़ा
दिनांक: 13 से 26 सितंबर 2024


ICAR - NATIONAL RESEARCH CENTRE FOR GRAPES, PUNE
हिंदी पखवाड़ा
दिनांक: 13 से 26 सितंबर 2024


हिंदी पखवाड़ा
दिनांक: 13 से 26 सितंबर 2024
N.R.C. FOR GRAPES
PUNE - 412 307
भाकृअनुप
ICAR


ICAR - NATIONAL RESEARCH CENTRE FOR GRAPES, PUNE


अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे
हिंदी


अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे
CENTRE FOR GRAPES, PUNE


भाकृअनुप-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे
ICAR - NATIONAL RESEARCH CENTRE FOR GRAPES, PUNE
हिंदी पखवाड़ा
N.R.C. FOR GRAPES
PUNE - 412 307
भाकृअनुप
ICAR






भाकृअनुप-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे
ICAR - NATIONAL RESEARCH CENTRE FOR GRAPES, PUNE
हिंदी पखवाड़ा
N.R.C. FOR GRAPES
PUNE - 412 307


ICAR - NATIONAL RESEARCH CENTRE FOR GRAPES, PUNE
हिंदी पखवाड़ा
दिनांक: 13 से 26 सितंबर